जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

क्रमांक / जीवि / स्ट्राँगरूम / गोप–2 / 2024 / 1171 **दिनांक 05.11.2024**

प्रति,

समस्त प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष / विभागाध्यक्ष
विश्वविद्यालय से सम्बंद्ध महाविद्यालय,
ग्वालियर (म.प्र.)

विषयः– नई शिक्षा नीति के आधार पाठ्यक्रम की ओ.एम.आर शीट्स के बण्डलों को रखने एवं अन्य विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डल भेजने बावत।

महोदय,

उपरोक्त विषय में लेख है कि आधार पाठ्यक्रम की ओ.एम.आर. शीट्स के बण्डल भेजते समय निम्नलिखित सावधानियॉं रखी जानी है–

1. समस्त कॉलेजों को निर्देशित किया जाता है कि आधार पाठ्यक्रम की ओ.एम.आर शीट्स को पैक करते समय पैकिट के दोनों साइड गत्ते का उपयोग किया जावे जिससे ओ.एम.आर. शीट्स मुड़े नही।
2. कॉलेजों को निर्देशित किया जाता है कि आधार पाठ्यक्रम की ओ.एम.आर शीट्स भरते समय छात्र किसी भी तरह का साइड में या आधार पाठ्यक्रम की ओ.एम.आर शीट्स के ऊपर किसी भी रूप में पेन से निशान न लगाये।
3. अन्य विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं को पैक करते समय यह भी ध्यान रखा जावे कि नियमित एवं प्राइवेट छात्रों की उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डलों को अलग–अलग भेजे जावे।
4. यह भी ध्यान रखा जावे कि किसी छात्र / छात्राओं की उत्तरपुस्तिका किसी अन्य विषय में न मिलाई जावे, जो छात्र / छात्रा जिस विषय की परीक्षा दे रहा है उसकी उत्तरपुस्तिका उसी विषय में ही भेजी जावे।
5. साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि किसी भी छात्र / छात्राओं की उपस्थिति पत्रक में कोई छेड़छाड़ न की जावे।
6. यदि किसी छात्र का विषय परिवर्तन किया गया है तो उसकी जानकारी महाविद्यालय पत्र व्यवहार कर जानकारी प्रस्तुत करें जिससे परिणाम घोषित करते समय छात्र को अनुपस्थित करने की स्थिति न बन सके।
7. परीक्षा समाप्त होने पर सभी महाविद्यालय एवं केन्द्राध्यक्ष छात्रों की उपस्थिति पत्रक विश्वविद्यालय में प्रेषित करें।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

1. कुलगुरू के सचिव, जीवाजी विश्ववद्यिालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव के जिन सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय।
3. परीक्षा नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

सहा. / उप–कुलसचिव (गोपनीय)